# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 02 मार्च, 2025** **थाना गुलावठी**

## भवर सिंह की हत्या का सफल अनावरण, घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 01.03..2025 को वादी संदीप सैनी पुत्र भंवर सिंह निवासी मौ0 रामनगर स्टेट बैंक के पीछे कस्बा व थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना गुलावठी पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 25/26.02.2025 की रात्रि में उसके पिता भवर सिंह धौलाना रोड़ पर स्थित जेपी फार्म हाउस में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने गये थे, जो घर वापस नहीं आये सुबह तलाश करने पर उनका शव जेपी फार्म हाउस के सामने रुई धुन्ने वाली मशीन के टाट के कमरे में मिला हैं, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी हत्या कर दी गयी हैं। उक्त घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गुलावठी पर मुअसं- 86/25 धारा 103(1)/238 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है।

उक्त घटना के क्रम में जांच/छानबीन में मुजाहिद उर्फ लंगड़ा का नाम प्रकाश में आया। आज दिनांक 02.03.2025 को थाना गुलावठी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर अभियुक्त मुजाहिद उर्फ लंगड़ा को मृतक से छीने गये रुपयों सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 309(6) बीएनएस की वृद्धि कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- मुजाहिद उर्फ लंगड़ा पुत्र सगीर निवासी मौहल्ला ईदगार कस्बा व थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1. 200/- रुपये नगद (मृतक के)

**हत्या का कारण-** दिनांक 25/26-02-2025 की रात्रि में धौलाना रोड पर जे पी फार्महाउस में मृतक एक शादी में सम्मिलित होने आया था। अभियुक्त वहाँ बरात में पैसे बटोरने आया था। उसने वहाँ पास की एक दुकान के सामने एकांत में मृतक को अत्यधिक शराब के नशे में लेटे हुए देखा। मृतक को लूटने के इरादे से अभियुक्त मृतक के पास पहुँचा। अभियुक्त ने मृतक का मोबाइल निकालकर अपने एक परिचित को दे दिया। मृतक से विवाद होने की दशा में अभियुक्त ने मृतक को रूई धुनने की मशीन की टाँट पर ले जाकर मार पीट कर हत्या कर दी और मृतक के 200 रुपए लेकर वहाँ से फरार हो गया।

**अभियुक्त मुजाहिद उर्फ लंगड़ा का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं- 501/21 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 86/25 धारा 103(1)/238/309(6) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्रीमती सुनीता मलिक थाना प्रभारी थाना गुलावठी
2. निरीक्षक श्री अतुल कुमार चौहान
3. व0उ0नि0 सरवर खान
4. है0का0 शमशाद, का0 अंकुर



**मीडिया सेल बुलंदशहर**